धामी कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस

अनंत ज्ञान, सुन्नी। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। वर्तमान में मानव अधिकार आवश्यक क्यों? विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मनीला गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करते हुए मानव अधिकार दिवस के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता का आधार है, जो एक सशक्त और समावेशी समाज की नींव रखता है। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि मानव अधिकार नर्सिंगिंग अधिकार है इसलिए मानव अधिकार को कर्तव्य के साथ जोड़कर किसी भी सत्ता पर दबाव बनाकर मानव का उद्धार किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जरेट ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस सम्मान, स्वाभिमान एवं समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक करता है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इनका संरक्षण करते हुए देश के विकास में योगदान दे। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ गीता शर्मा, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मानव अधिकार दिवस पर किया जागरूक

सुन्नी। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मनीला गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता का आधार है, जो एक सशक्त और समावेशी समाज की नींव रखता है। गुप्ता ने कहा कि मानव अधिकार नर्सिंगिंग अधिकार है इसलिए मानव अधिकार को कर्तव्य के साथ जोड़कर किसी भी सत्ता पर दबाव बनाकर मानव का उद्धार किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण जरेट ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस सम्मान, स्वाभिमान एवं समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता शर्मा, शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।